प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 मंगलवार **दिनांक 03.11.2026**

मुख्य समाचारः–
1–नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव के समापन समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हुए शामिल–कहा कि आज छत्तीसगढ़, नक्सलमुक्त होकर विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।

2–एनआईटी रायपुर के सत्रहवें दीक्षांत समारोह में केन्द्रीय मंत्री जी. किषन रेड्डी मुख्य अतिथि रूप में शामिल हुए–समारोह में एक हजार तीन सौ चौंसठ विद्यार्थियों को उपाधियां दी गईं।

3–रायपुर और नवा रायपुर स्थित सभी शासकीय कार्यालयों में देवउठनी एकादशी पर बीस नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित।

4–चक्रवाती तूफान मुरासु के असर से छत्तीसगढ़ के कई जिलों में तेज बारिश की चेतावनी।

राज्योत्सव–समापन

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के छब्बीस वर्ष पूरे होने के अवसर पर नवा रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव का आज समापन हो रहा है। समापन समारोह में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रदेष की विभूतियों को राज्य अलंकरण से सम्मानित किया गया। समारोह में केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने महतारी वंदन योजना की तैंतीसवीं किस्त जारी की। इस दौरान सड़सठ लाख चालीस हजार से अधिक पात्र महिलाओं के बैंक खातों में छह सौ बत्तीस करोड़ तिरसठ लाख सड़सठ हजार से अधिक की राशि अंतरित की गई।

समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ नक्सलमुक्त होकर विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। राज्योत्सव के समापन अवसर पर आज छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंथी गायिका पद्मश्री उषा बारले अपनी प्रस्तुति देंगी। वहीं, प्रसिद्ध पार्ष्व गायक अभिजीत भट्टाचार्य भी अपने गायन का जादू बिखेरेंगे।

इससे पहले, केंद्रीय गृह मंत्री ने नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर–सोलह स्थित पीपल वन में विकसित भारत संकल्प पार्क का लोकार्पण किया। राज्योत्सव के दूसरे दिन कल राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने अपने गठन के छब्बीस वर्षों की यात्रा पूरी कर ली है और अब यह राज्य नई जिम्मेदारियों, संभावनाओं तथा संकल्पों के साथ आगे बढ़ रहा है।

प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों में भी जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

केंद्रीय गृहमंत्री–एफआरआरओ

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अगले वर्ष तक सभी राज्यों की राजधानियों में विदेषी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय–एफआरआरओ स्थापित करने का निर्देष दिया है। गृह मंत्रालय ने कहा कि पर्यटन, चिकित्सा और षिक्षा

के उद्देष्य से भारत आने वाले विदेषियों की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, इसलिए सभी राज्यों में एफआरआरओ नियुक्त करने की आवष्यकता है। इससे सेवाएं आसानी से सुलभ होंगी, नियामक अनुपालन में सुधार होगा और भारत को आकर्षक गंतव्य के रूप में प्रोत्साहन दिया जा सकेगा।

एनआईटी–दीक्षांत समारोह

राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान–एनआईटी रायपुर का सत्रहवां दीक्षांत समारोह आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। केन्द्रीय कोयला और खनन मंत्री जी. किषन रेड्डी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में शामिल हुए। वहीं, विषिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मौजूद थे। समारोह में एक हजार तीन सौ चौंसठ विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। वहीं, विद्यार्थियों को पच्चीस स्वर्ण पदक और पच्चीस रजत पदक प्रदान किए गए।

समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री रेड्डी ने कहा कि छह दशकों से अधिक समय से एनआईटी रायपुर देश की तकनीकी प्रगति और औद्योगिक विकास की आधारशिला रहा है। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी भूमिका के प्रति सजग रहें। समारोह की अध्यक्षता एनआईटी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉक्टर सुरेष हावरे और संस्थान के निदेषक प्रोफेसर एन.वी. रमना राव ने की।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने एनआईटी परिसर में नवनिर्मित सात नए उत्कृष्टता केंद्रों का लोकार्पण किया।

सुंदरलाल शर्मा विवि–दीक्षांत समारोह

राज्यपाल रमेन डेका आज बिलासपुर स्थित पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। समारोह में पिछले पांच वर्षों के चौबीस हजार आठ सौ विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा की उपाधियां प्रदान की गईं। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि युवा आत्मविश्वास, निरंतर प्रयास और अपनी प्रतिभा के बल पर जीवन में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय दूरस्थ क्षेत्रों तक ज्ञान पहुंचाने और शिक्षा के अवसरों का विस्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की उन्नत आधिकारिक वेबसाइट का लोकार्पण और स्मारिका 'अभ्युदय' का विमोचन किया गया।

समारोह को उपमुख्यमंत्री अरुण साव, हरियाणा के उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष कैलाश चंद्र शर्मा, नैक अध्यक्ष नागेश्वर राव और पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति वीरेंद्र कुमार सारस्वत ने भी संबोधित किया।

देवउठनी–स्थानीय अवकाश

राज्य सरकार ने रायपुर और नवा रायपुर अटल नगर स्थित सभी शासकीय कार्यालयों में देवउठनी एकादशी पर बीस नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

इससे पहले, राज्य सरकार ने नौ नवंबर को गोवर्धन पूजा के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया था, जिसे बदलकर सरकार ने बीस नवंबर कर दिया है। स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय तथा उप कोषालय में लागू नहीं होगा।

नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन और एक्सपो में छत्तीसगढ़ ने ऊर्जा क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं और भविष्य की अपनी योजनाओं को प्रमुखता से प्रस्तुत किया। सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय मंत्रियों और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में आयोजित उच्च स्तरीय गोलमेज बैठक में भाग लिया। उन्होंने अगले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ के ऊर्जा क्षेत्र में लगभग पांच लाख साठ हजार करोड़ रुपए के निवेश की संभावनाओं की जानकारी देते हुए देश–विदेश के निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष दो हजार तीस तक प्रदेश की हरित ऊर्जा क्षमता को तीन हजार मेगावाट से बढ़ाकर पंद्रह हजार मेगावाट करने का लक्ष्य रखा है। सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ने देश–विदेश से आए निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से चर्चा भी की। दो से पांच नवंबर तक आयोजित इस वैश्विक सम्मेलन में एक सौ तीस से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

वीबी / जीरामजी–श्रमिक

विकसित भारत–जीरामजी के अंतर्गत श्रमिकों की ई–केवाईसी में छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रदेश ने अकुशल श्रमिकों की ई–केवाईसी में इंक्यानवे प्रतिशत से अधिक उपलब्धि के साथ देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की संयुक्त रैंकिंग में चौथा तथा राज्यों में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं, कुशल तथा अर्द्धकुशल श्रमिकों की ई–केवाईसी में बयासी प्रतिशत से अधिक उपलब्धि दर्ज कर छत्तीसगढ़ ने सभी राज्यों में पहला तथा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की संयुक्त रैंकिंग में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

केंद्र सरकार द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वीबी–जीरामजी के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में उनयासी लाख तेईस हजार से अधिक पंजीकृत अकुशल श्रमिकों में से करीब छिहत्तर लाख इक्कीस हजार श्रमिकों का आधार सीडिंग कार्य पूरा कर लिया गया है। इनमें से बहत्तर लाख उनतालीस हजार से अधिक श्रमिकों की ई–केवाईसी पूरी हो चुकी है।

सामाजिक सुरक्षा नियम

राज्य सरकार ने श्रमिकों और कर्मचारियों के सामाजिक सुरक्षा अधिकारों को मजबूत करने की दिषा में छत्तीसगढ़ सामाजिक सुरक्षा नियम अधिसूचित कर दिए हैं। श्रम विभाग ने इस संबंध में राजपत्र में अधिसूचना प्रकाषित कर दी है। नई व्यवस्था में कर्मकार क्षतिपूर्ति, प्रसूति प्रसुविधा, उपदान भुगतान, भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण तथा असंगठित कर्मकारों की सामाजिक सुरक्षा से जुड़े प्रावधान शामिल हैं।

जशपुर–युवा संवाद कार्यक्रम

जशपुर जिले के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अंतर्गत ''मेरा युवा भारत'' द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के दो सौ से अधिक विद्यार्थियों और युवाओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि युवा शक्ति, देश की सबसे बड़ी ताकत है और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से फेक न्यूज और भ्रामक सूचनाओं से दूर रहने की अपील की।

चक्रवात मुरासु

भीषण चक्रवाती तूफान ''मुरासु'' ने आज सुबह दक्षिण आंध्रप्रदेश के तट पर ओंगोल के पास, नेल्लोर और नरसापुर के बीच दस्तक दी। अब यह तूफान धीरे–धीरे कमजोर हो रहा है।

मुरासु के असर से छत्तीसगढ़ के कई जिलों में तेज बारिश हो रही है। राजधानी रायपुर में आज दिनभर बादल छाए रहने के बाद शाम को बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के उन्नीस जिलों और कल चार नवंबर को पंद्रह जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान इन जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर तेज बारिश होने की चेतावनी दी गई है।